एक नजर में

मूल्यांकन समितियों की बैठक 11 को

राजगढ़ 09 मार्च, का. संयोजक जिला मूल्यांकन समिति एवं जिला पंजीयक मोहम्मद यूसुफ द्वारा बताया गया कि कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में 11 मार्च, 2026 को प्रातः 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में उप जिला मूल्यांकन समितियों से प्राप्त प्रस्तावों पर आम चर्चा एवं निर्णय हेतु बैठक आयोजित की जाएगी.

57 बालिकाओं ने मुफ्त टीकाकरण में भाग लिया

पडाना 09 मार्च, सं. सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया,जो सर्वाइकल कैंसर जैसे रोगों को 90 से 95 प्रतिशत तक रोकने एवं शरीर को सुरक्षित रखने के लिए लाभदायक रहेगा. सोमवार नगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें पड़ाना मगराना रामपुरियाखेड़ा करौंदी मऊ बरुखेड़ी टीकोद आशारेटा इत्यादि ग्रामीण अंचलों से 50 से भी अधिक 14 वर्ष की बालिकाओं ने मुफ्त एचपीवी वैक्सीन टीकाकरण में भाग लिया. और स्वैच्छिक मुफ्त एचपीवी वैक्सीन का टीका लगवाया. इस मौके पर टीकाकरण शिविर में डॉ तन्मय मोदी,डॉक्टर मुस्कान रावतिया, स्वास्थ्य विभाग सुपरवाइजर एल एन सिलोरिया, महिला बाल विकास सुपरवाइजर लक्ष्मी बकोरिया, वैक्सीनेटर लक्ष्मी जाट,सीएचओ रजत जोशी, आशा सुपरवाइजर निर्मला मालवीय, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सरोज विश्वकर्मा संगीता कुंभकार शबनम अंसारी श्याम सक्सेना मंजू विश्वकर्मा पूजा जाटव रेशम दुगरिया सहित सहयोगी आशा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य विभाग की आशा कार्यकर्ता उपस्थित रही.

आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

राजगढ़ 09 मार्च, का. राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं एफपीएआई भोपाल के संयुक्त रूप से शासकीय अस्पताल खुजनेर में आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई. जिसमें उमंग काउंसलर आशा शर्मा द्वारा उपस्थित सभी आशा कार्यकर्ताओं को एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई सभी आशा कार्यकर्ताओं को समझाया गया. इस अवसर पर बीपीएम रवि पीपलोतिया, आशा कार्यकर्ता मौजूद थी

3 करोड़ बर्बाद,10 वर्ष बीते, दोषी लापता !

प्रदेश का एकमात्र आरटीओ जिसके पास 3 करोड़ की बिल्डिंग, लेकिन हर महीने चुका रहे किराया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा/राजगढ़ 09 मार्च,का. जब अपराध संगठित रूप से होता है तो उस अपराध को छुपाने का काम भी संगठित रूप से ही होता है. इसमें जो गठबंधन बनता है वह इतना मजबूत होता है कि उसे आसानी से तोड़ना मुश्किल होता है. इसी का परिणाम है कि 3 करोड़ रूपये की राशि को लापरवाही के भेंट चड़े 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक किसी की जिम्मेंदारी तय नहीं हुई है.

जिला मुख्यालय पर आरटीओ कार्यालय के भवन निर्माण में हुई लापरवाही, अनियमितता ने शासन के तीन करोड़ रूपये बर्बाद कर दिये है. आश्चर्यजनक तथ्य यह है कि 10 वर्ष बीतने के बाद भी शासन-प्रशासन के तमाम जिम्मेंदार आंखें मूंद कर बैठे हुए है. प्रशासनिक लापरवाही की सामुहिक अनदेखी यह साबित करती है कि जनता के पैसों को लूटने में जवाबदारों के संगठन की मजबूती के आगे सारे नियम, कानून धरे के धरे रह जाते है. उल्लेखनीय है कि करीब 13-14 वर्ष पूर्व शासन ने परिवहन कार्यालय के लिये भूमि आवंटन की प्रक्रिया शुरू की थी. परिवहन विभाग की मांग पर प्रशासन द्वारा वर्ष 2016 में विभाग को भूमि आवंटित कर दी गई थी. इसी के साथ ही विभाग के भवन निर्माण हेतु 3 करोड़ रूपये का आवंटन भी आ गया था. निर्माण एजेंसी द्वारा तीन करोड़ रूपये तत्काल ठिकाने लगाने की मानसिकता और शासन के ही विभाग को होने वाले जमीन आवंटन में राजस्व अमले को भी कोई व्यक्तिगत रूचि नहीं होने का परिणाम यह रहा कि आरटीओ का भवन निर्माण उस जगह कर दिया गया जो भूमि राजगढ़ के रेलवे स्टेशन के लिये आवंटित की गई थी.

विधायक यादव को दिया विभाग ने गोलमाल जवाब

इस मामले को हाल ही में विधानसभा के माध्यम से विधायक अमरसिंह यादव ने उठाया था. उन्होंने इसको लेकर विस्तार से परिवहन विभाग के मंत्री से सवाल जवाब किये थे. जिसके जवाब में विधायक को गोलमाल जवाब दिया गया है. जानकारी के अनुसार विधायक श्री यादव ने यह भी पूछा था कि इस मामले में किसको दोषी माना गया है और किसके विरूद्ध कार्रवाई की गई है. इसके जवाब में विधायक को बताया गया है कि किसके विरूद्ध कार्रवाई की गई है यह पता नहीं है. इसकी जानकारी जुटाई जा रही है. इस प्रकार तमाम लापरवाही, अनियमितता, अनदेखी को दबाने के लिये संगठित हुए विभागों, लोगो ने किसी पर कोई कार्रवाई तक नहीं होने दी है.

राजस्व, निर्माण एजेंसी की लापरवाही का खामियाजा भुगत रहा विभाग

जनता से वाहन करों के नाम पर कई प्रकार से टैक्स वसूलने वाले परिवहन विभाग ने मप्र के बजट में अपनी प्रभावी भूमिका तय कर रखी है. करीब पांच हजार करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व वसूलने वाला परिवहन विभाग की हालत राजगढ़ जिले में काभी दयनीय है. जिलेवासियों से परिवहन विभाग टैक्स तो दादागिरी से वसूल लेता है लेकिन उसे सुविधा के नाम पर कुछ नहीं मिलता है. यहां तक कि विभाग के कार्यालय भवन में कुछ वक्त रूकने के लिये छायादार जगह नहीं है. परिवहन विभाग अपने लिये भूमि आवंटन कराने के बावजूद खुद का भवन नहीं बना पाया है. परिवहन विभाग राजस्व, निर्माण एजेंसी की लापरवाही का खामियाजा भुगतने को मजबूर है. इसका दुष्परिणाम जिले के तमाम नागरिकों को उठाना पड़ रहा है जिनका वास्ता परिवहन विभाग से पड़ता है. विभाग को शासन ने 3 करोड़ रूपये भवन निर्माण के लिये दिये थे. यह राशि लापरवाही की भेंट चड़ गई. हेरतंगेज बात यह है कि 10 वर्ष बीत जाने के बावजूद आज तक किसी की जिम्मेंदारी तय नहीं हुई है. जानकारी के अनुसार कलेक्टर राजगढ़ ने वर्ष 2016 में 797/1/6 रकबा 5.486 हैक्टेयर में से 1.620 हैक्टेयर भूमि जिला परिवहन कार्यालय हेतु आवंटित कर दी थी. आवंटित भूमि पर आरटीओ भवन बनने की बजाय निर्माण एजेंसी ने सर्वे नंबर 812 की भूमि पर भवन बना दिया. तत्कालीन राजस्व विभाग की पूरी टीम ने ठेकेदार को सही भूमि नहीं बताई अथवा ठेकेदार और निर्माण एजेंसी ने तीन करोड़ अतिशीघ्र ठिकाने लगाने की मानसिकता में भूमि का विधिवत सीमांकन, कब्जा प्राप्त किये उस सर्वे नंबर 812 भूमि पर भवन बना दिया जो रेलवे स्टेशन के लिये आरक्षित थी. यद्यपि रेलवे स्टेशन इस भवन से चंद कदम दूर बन गया है लेकिन यह भूमि कागजों में रेलवे के पास ही है और उनके उपयोग की है. यह मामला पिछले 10 सालों में पचास बार मीडिया में सार्वजनिक हो गया है. कई विधानसभा लग चुकी है. बावजूद इसके इतनी बड़ी लापरवाही पर भी किसी का बाल बांका नहीं हुआ है.

कॉम्प्लेक्स की दूसरी मंजिल से दुकान के नीचे गिरा सांड

सरकारी कॉम्पलेक्स में दूसरी मंजिल पर लड़े सांड

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 मार्च, का. रविवार को दो सांड कॉम्पलेक्स में चढकर आपस में भिड़ गये. लड़ते हुए एक सांड एक दुकान के छज्जे पर गिरते हुए नीचे फर्श पर आ गिरा. रंगपंचमी होने से यहां दुकानें बंद थी और चहल-पहल न के बराबर थी. जिससे कोई नुकसान होने से बच गया.

नपा कॉम्पलेक्स परिसर में सांड, गौवंश बेरोकटोक विचरण करते हुए देखे जा सकते है, यही नहीं कॉम्पलेक्स के ऊपरी तल पर यह जा पहुंचते है. दुकान तक यह चले जाते है. आये दिन कॉम्पलेक्स में सांड लड़ते-झगड़ते हुए देखे जा सकते है, इसी प्रकार सब्जी मंडी, बाजार एवं चौराहे पर भी सांड आपस में लड़ते-झगडने लगते है.

ऐसा ही नजारा मंगलवार की सुबह 9 बजे के आसपास स्थानीय राजगढ़ रोड पर श्री राधाकृष्ण मंदिर यहां देखने को मिला जब अलग-अलग चार सांड आपस में लड़ पड़े. यह लड़ते हुए इधर-उधर भागने लगे. इससे कुछ समय के लिए सडक पर आवागमन तक रुक गया. काफी देर तक यह सिलसिला चलता रहा.

आये दिन निर्मित हो रहे ऐसे हालात

नगर सहित जिले भर में बड़ी संख्या में सांड नगर की सडको, गली-मोहल्लो, चौराहों पर देखे जा सकते है. किंतु उस समय दहशत का माहौल बन जाता है जब ये सांड एकाएक आपस में लडने पर उतारु हो जाते है. दौड़ते सांड दुपहिया व अन्य वाहनों को अपनी चपेट में ले लेते है. कई बार राहगीर, दुपहिया वाहन चालक भी इनकी चपेट में आने से चोटिल हो चुके है.

फाग उत्सव के साथ मनाया महिला दिवस, किया सम्मान

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 09 मार्च, का. कसेरा समाज ब्यावरा द्वारा 8 मार्च को सत्यगंगा टेन्ट हाउस पर राजगढ रोड पर फाग उत्सव और महिला दिवस समारोह आयोजित किया गया. जिसमे मुख्य अतिथि पूर्व नगर पलिका अध्यक्ष डॉ भारत वर्मा रहे. विशेष अतिथि चन्द्रशेखर आर्य, बनवारीलाल कसेरा खिलचीपुर, दिलीप कुमार कसेरा शिक्षक रहे. भगवान सहस्त्रार्जुन के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई.

सभी ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगा कर बधाई दी. इस अवसर महिला दिवस पर आभा भारत वर्मा, अनुराधा गिरिराज कसेरा का सम्मान किया. कार्यक्रम का संचालन अध्यक्ष गिरिराज कसेरा ने किया. महिला मंडल की गतिविधियो के बारे अनुराधा मोहन कसेरा ने बताया. पीयूष सुनील कसेरा का एमबीए करने पर प्रतिभा सम्मान किया. इस अवसर गोरधन कसेरा, जितेंद्र कसेरा, लोकेश कसेरा, सीए गोपाल दास कसेरा, कैलाश कसेरा, सत्यगंगा, दिनेश आर्य, घनश्याम कसेरा, राजेश आर्य, विवेक आर्य, नवीन आर्य, देवकीनंदन कसेरा, कैलाश कसेरा, रामसहाय आर्य, कमल कसेरा आदि समाजजन उपस्थित रहे.

गौ सम्मान अभियान में हर जिले से 3-3 लोगों को जोड़ेंगे

नवभारतन्यूज

ब्यावरा 09 मार्च, का. नगर के मुक्तिधाम गौशाला में बीती शाम गौ सम्मान अभियान आव्हान के सदस्यों ने नगर के गणमान्यजनों के साथ बैठक का आयोजन किया. बैठक में बीते 27 फरवरी से लेकर आगामी 2027 तक गौ संरक्षण को लेकर चलने वाले जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई.

अभियान का उद्देश्य गाय को संरक्षित करने के लिए राष्ट्र माता मा दर्जा देना, देश भर में 5000 तहसीलों और 750 जिलों में गौशाला और नंदीशालाओं को खोलने के लिए प्रत्येक जिले से 3 गौभक्त और 3 गौसंतों को शामिल किया जाएगा. वहीं आगामी 27 जुलाई 2026 को देश भर में जिला मुख्यालयों पर ज्ञापन गौ भक्तों द्वारा सौंपने का आव्हान किया गया है. गायों के प्रति हिंसा, समाज की अनदेखी और लगातार संकट में घिर रहे गौवंश के प्रति चिंता व्यक्त की गई.

मेले में ध्वनि प्रदूषण व वसूली पर जिला कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 मार्च, का. नगर में 10 मार्च से बाबा बदख्शानी की दरगाह पर लगने वाले सालाना उर्स मेले को लेकर ध्वनि प्रदूषण और वसूली के मुद्दे पर सर्व हिंदू समाज के युवाओं ने सोमवार को कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा को ज्ञापन सौंपा. युवाओं ने मेले के दौरान सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन के अनुसार रात 10 बजे बाद लाउडस्पीकर बंद कराने और नियमों का सख्ती से पालन कराने की मांग की. ज्ञापन में बताया गया कि पहले उर्स मेला करीब तीन दिन का होता था, लेकिन अब इसकी अवधि बढ़कर लगभग 15 दिन हो गई है. इस दौरान देर रात तक लाउडस्पीकर और डीजे की तेज आवाज से आसपास रहने वाले लोगों और परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को परेशानी होती है. प्रतिनिधिमंडल के साथ अधिवक्ताओं का एक समूह भी कलेक्ट्रेट पहुंचा और सुप्रीम कोर्ट के आदेश की प्रति सौंपते हुए प्रशासन से नियमों का पालन सुनिश्चित कराने की मांग की. युवाओं ने यह भी आरोप लगाया कि मेले में लगने वाली दुकानों से अधिक वसूली की जाती है. इस दौरान देवी सिंह सोंधिया, केपी पवार, तेजेंद्र उपाध्याय, बृजमोहन सरावत, गजेंद्र सिंह गटू, कैलाश प्रजापति सहित अधिवक्ता सतीश दशहरिया व शैलेंद्र गुप्ता समेत कई युवा मौजूद थे.

राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त के सम्मान में किया रचनापाठ

सारंगपुर 09 मार्च, सं. साहित्य अकादमी, मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद एवं संस्कृति विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की स्मृति में एक गरिमामय व्याख्यान एवं रचनापाठ कार्यक्रम देवास में किया गया. आयोजन साहित्य अकादमी द्वारा डॉ विकास दवे, राकेश सिंह के संयोजन में सम्पन्न हुआ. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नर्मदा साहित्य पर विश्व संवाद केन्द्र के प्रतिष्ठित चिन्तक जयशंकर शर्मा, प्रो. एसएन त्रिवेदी, शिक्षाविद विजय श्रीवास्तव तथा पूर्व न्यायाधीश आरपी सोलंकी उपस्थित रहे. द्वितीय सत्र में राष्ट्रकवि मैथिली शरणगुप्त को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए प्रतिष्ठित कवियों ने रचना पाठ किया. सत्र का संचालन डॉ. जुगल किशोर राठौर ने किया. रचनापाठ करने वाले नगर सारंगपुर के साहित्यकार सुशील व्यास 'सारंग' ने श्रोताओं को प्रभावित किया. इसके अतिरिक्त सचिन सावन रानी बड़ोद, हरिसिंह 'पतंग' नरसिंहगढ़, प्रिया खुशबू आगर मालवा, भैरूलाल सौराष्ट्रीय एंटीना, श्रीमती मनीषा व्यास इंदौर, राजेन्द्र विश्वकर्मा इंदौर, सुरेन्द्र सिंह राजपूत 'हमसफर' देवास तथा सुरेश 'सन्नाटा' नीमच सहित अनेक रचनाकारों ने भी पाठ किया.

तंवर समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर बैठक

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 09 मार्च, का. दंड जोड़ पिपलोदी रोड़ स्थित भगवान बाबा रामदेव महाराज के मंदिर परिसर में तंवर समाज का आदर्श सामूहिक विवाह सम्मेलन नि:शुल्क किए जाने की प्रथम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई.

बैठक संपन्न नि:शुल्क विवाह सम्मेलन आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर राशि कि घोषणा कि हर सहयोग प्रदान करने का निर्णय लिया है. नि:शुल्क विवाह सम्मेलन दंड जोड़ भगवान रामदेवजी के मंदिर परिसर में ही सम्पन्न होगा.

आयोजन अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम, सभी ने कुरीति खत्म करने की शपथ ली

बाल विवाह रोकने वाली महिलाओं को मिला 'नारी सम्मान'

झगड़ा-नातरा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी सतर्क रहने की बात कही

नवभारत न्यूज

खिलचीपुर 09 मार्च, सं. नगर परिषद के सामुदायिक भवन में सोमवार को महिला दिवस पर बाल विवाह मुक्त भारत-नारी सम्मान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया. अहिंसा वेलफेयर सोसायटी और महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने के लिए जमीनी स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को 'नारी सम्मान' से सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मौजूद अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं ने समाज से बाल विवाह जैसी कुरीति को समाप्त करने की शपथ भी ली. रंगपंचमी का त्यौहार होने के कारण यह आयोजन एक दिन बाद संपन्न हुआ. कार्यक्रम का संचालन अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के प्रोजेक्ट मैनेजर नरेंद्र व्यास ने किया. इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, नगर परिषद, पुलिस विभाग के अधिकारी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सोसायटी की टीम उपस्थित रही. कार्यक्रम में सीडीपीओ प्रतिभा साहू ने बाल विवाह को बच्चों के भविष्य के साथ अन्याय बताते हुए इससे बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन पर गंभीर प्रभाव की बात कही. नगर परिषद के सीएमओ देवनारायण दांगी ने समाज से सोच में बदलाव की अपील करते हुए बाल विवाह के खिलाफ लड़ने की अपील की. पुलिस विभाग से एसआई भूरी भील और कुसुमलता ने महिलाओं को शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से सशक्त बनने का संदेश दिया. झगड़ा-नातरा जैसी सामाजिक कुरीतियों के प्रति भी सतर्क रहने की बात कही.

कार्यक्रम के दौरान बाल विवाह रोकथाम में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के खिलचीपुर ब्लॉक की सुपरवाइजर संतोष चौहान और अन्नु भिलाला को सम्मानित किया गया. इसके साथ ही आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ज्योति शर्मा, एकता शर्मा और सविता वाल्मीकि को भी मंच पर बुलाकर 'नारी सम्मान' से नवाजा गया.

कुरीति खत्म करने का लिया संकल्प

कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाज से पूरी तरह समाप्त करने की शपथ ली. सभी ने संकल्प लिया कि क्षेत्र में कहीं भी बाल विवाह होने की सूचना मिलने पर तत्काल प्रशासन को जानकारी देकर उसे रोकने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे.